EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

# एकल संदेश

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
30 वां संस्करण

## भारत लोक शिक्षा परिषद्

Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

अक्टूबर-दिसंबर 2025

## CSR 2025 : शिक्षा से राष्ट्र निर्माण कार्यक्रम का भव्य आयोजन









CSR विभाग, “भारत लोक शिक्षा परिषद” द्वारा 11 नवंबर 2025 को भारत मंडपम में आयोजित “EKAL BLSP – CSR 2025: शिक्षा से राष्ट्र निर्माण” कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें 550 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था—**CSR के माध्यम से ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन और सामाजिक परिवर्तन को गति देने के लिए अधिकाधिक सहयोग जुटाना**, तथा यह प्रदर्शित करना कि ‘एकल अभियान’ किस प्रकार शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाकर करोड़ों जीवनों में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्री सुरेश भैयाजी जोशी (पूर्व सरकार्यवाह , आरएसएस), श्री पीयूष गोयल जी (केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री), श्री जितेन्द्र सिंह जी (राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्री), श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन, ट्रस्ट बोर्ड-भारत लोक शिक्षा परिषद), श्री वीरेन्द्र सचदेवा जी (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी) डॉ. अनिल अग्रवाल जी (संघचालक, दिल्ली प्रांत-राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) श्री कपिल खन्ना जी (अध्यक्ष, दिल्ली (इन्द्रप्रस्थ) प्रांत- विश्व हिंदू परिषद), श्री अनिल गुप्ता जी (महामंत्री, दिल्ली प्रांत - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) श्री अशोक अग्रवाल जी (चेयरमैन, ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड एवं महाशतकवीर, भारत लोक शिक्षा परिषद) एवं ट्रस्ट बोर्ड, एडवाइजरी बोर्ड, मैनेजिंग कमेटी, चैप्टर्स, CSR विभाग, महिला विभाग, युवा विभाग सहित एकल आभियान के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बंधुओं ने भाग लिया।




पूर्व सरकार्यवाह **भैयाजी जोशी** ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "एकल जनजातीय और शहरी समाज—दोनों के लिए संस्कार और प्रशिक्षण का केंद्रीय माध्यम है।"

उन्होंने कहा कि "शिक्षित होने का वास्तविक परिचय व्यक्ति के आचरण से होता है, और मनुष्य बनना धन कमाने से भी अधिक महत्वपूर्ण है।" उन्होंने यह भी कहा कि "हम केवल दानदाता नहीं बनेंगे, बल्कि मन देने वाले भी बनेंगे।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज वकील, डॉक्टर और बड़े अधिकारी तो बहुत बनते हैं, लेकिन सच्चा लक्ष्य है एक श्रेष्ठ मनुष्य बनना—और एकल अभियान इसी दिशा में समाज को मूल्य, दिशा और संस्कार प्रदान कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री **डॉ. जितेन्द्र सिंह** ने एकल की सराहना करते हुए कहा कि "इस सदी की सर्वश्रेष्ठ और सफल कहानी है एकल"।

उन्होंने कहा कि "एकल का कार्य केवल संस्था का नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है।" उन्होंने यह भी कहा कि यदि 50 करोड़ लोग वर्ष में मात्र 1,000 रुपये का दान दें, तो भारत में सामाजिक परिवर्तन की गति कई गुना बढ़ सकती है। उनके अनुसार, भारत को रोजगार के अर्थ को बदलने की आवश्यकता है क्योंकि रोजगार का मतलब केवल सरकारी नौकरी नहीं होता।






इस कार्यक्रम में CSR के अंतर्गत एकल में सहयोग करने वाले प्रमुख दानदाता बंधुओं को सम्मानित भी किया गया | एकल सुरताल टीम की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन जीत लिया। देशभक्ति गीतों, भारतीय सांस्कृतिक एकता के चित्रण तथा सम्पूर्ण रामायण के भावपूर्ण मंचन ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

EKAL BLSP – CSR 2025 ने यह सिद्ध किया कि जब शिक्षा के माध्यम से समाज को जोड़ने का संकल्प कॉरपोरेट जगत और समाज दोनों मिलकर उठाते हैं – तब "शिक्षा से राष्ट्र निर्माण" केवल नारा नहीं, बल्कि एक सजीव यथार्थ बन जाता है।



# महाराष्ट्र एवं गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी को किया गया सम्मानित



2 नवम्बर 2025 को दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन–2025 में महाराष्ट्र एवं गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी तथा JBM ग्रुप के चेयरमैन श्री सुरेंद्र आर्य जी द्वारा हम सब के मार्गदर्शक श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन-ट्रस्ट बोर्ड, भारत लोक शिक्षा परिषद् एवं एकल ग्रामोंत्थान फाउंडेशन) को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



भारत लोक शिक्षा परिषद् के लिए यह बड़े हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारे प्रेरणास्रोत एवं अभिभावक श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी को यह सम्मान प्राप्त हुआ। जिससे पूरे एकल परिवार के संकल्प, सेवा और समर्पण का सम्मान बढ़ा है।

समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी की दूरदर्शी सोच, समाज के प्रति समर्पण और उल्लेखनीय सेवाओं की सराहना की, उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी के कार्यों ने सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र उत्थान की नई दिशा स्थापित की है।

श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी पिछले पच्चीस वर्षों से एकल अभियान के माध्यम से भारत के दूरस्थ ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण और कौशल विकास के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एकल विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को प्राथमिक एवं मूल्य आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ वह ग्रामीण उत्थान की अनेक योजनाओं से ग्रामवासियों को स्वावलंबन की ओर प्रेरित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में शिक्षा विस्तार, स्वास्थ्य सुविधाओं की सहज उपलब्धता, सामाजिक जागरण तथा चरित्र निर्माण के विविध आयामों में उल्लेखनीय प्रगति हुयी है, जिससे लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव हुआ है।

# भारत लोक शिक्षा परिषद्, अभियान को मिला 'सनातन रत्न सम्मान'



15 नवंबर 2025 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में ॐ सनातन न्यास द्वारा आयोजित सनातन संत सम्मेलन–2025 दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा, अद्भुत भव्यता और राष्ट्रीय चेतना से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।




श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, अयोध्या के कोषाध्यक्ष परम पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज की पावन अध्यक्षता में हुए इस विराट सम्मेलन में देश भर से 100 से अधिक प्रमुख संतों की उपस्थिति ने इसे सनातन संस्कृति का एक ऐतिहासिक पर्व बना दिया।

इस पावन सम्मेलन में **भारत लोक शिक्षा परिषद – एकल अभियान को "सनातन रत्न सम्मान" से अलंकृत किया गया।** यह सम्मान राष्ट्र संत परम पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज की अध्यक्षता में पूज्य संत समाज द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड भारत लोक शिक्षा परिषद को प्रदान किया गया

इस अवसर पर भारत लोक शिक्षा परिषद्, ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, ट्रस्टी श्री सुभाष अग्रवाल जी, ट्रस्टी श्री सुरेन्द्र कुमार जिंदल जी, ट्रस्टी श्री नरेश कुमार जी, मैनेजिंग कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, राष्ट्रीय महिला विभाग की उप प्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, महिला विभाग की टीम एवं विभिन्न चैप्टरों के पदाधिकारी बंधुओं ने भी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की।



# अध्ययन यात्रा...........एक अनुभव

## संभाग उत्तराखंड - भाग गढ़वाल (दिनांक 17 से 22 नवम्बर, 2025)



हम, (राजीव अग्रवाल एवं माधुरी अग्रवाल) वर्ष में दो-तीन बार एकल के अंचलों में, वनवासी क्षेत्रों में प्रवास पर जाते हैं। दिनांक 17 से 22 नवम्बर, 2025 के दौरान हमने भाग गढ़वाल संभाग उत्तराखंड के सभी पांच अंचलों (कर्णप्रयाग, गोपेश्वर, रुद्रप्रयाग, टिहरी एवं देहरादून) में प्रवास किया।

**प्रवास का मुख्य उद्देश्य -**

- समिति बंधुओं से संबंध और समन्वय बनाने के साथ-साथ उनको सक्रिय करना।
- दानदाता संबंधित जानकारियां को समय से उपलब्ध कराने के प्रति जागरूक करना|
- विद्यालयों की गुणवत्ता।
- समिति बंधुओं का प्रवास एवं उनकी कार्यकर्ताओं के प्रति अभिभावक स्नेह।
- ग्राम समिति को सुदृढ़ करना, प्रगत संच, स्वावलंबन कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा जैसे कि गूगल एप के माध्यम से विद्यालय की जानकारी उपलब्ध कराना, गुणवत्ता, प्रगत संच, आदि।





- समिति सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ परिवार मिलन।
- विद्यालय दर्शन एवं ग्राम समिति की विद्यालय चलाने में उनकी भूमिका।
- सभी अंचलों पर "पूर्व सैनिक एवं शहीद सैनिक परिवार सम्मान" का आयोजन। जिसके द्वारा सैनिक परिवारों (48) को एकल से जोड़कर राष्ट्र निर्माण करने में सहयोग लेना।
- इस प्रवास के दौरान, हमने विद्यार्थियों, आचार्यों, सभी स्तरों के समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं, पूर्व सैनिकों आदि से एकल को सुदृढ़ करने के लिए चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

**अंचल कर्णप्रयाग**

- समिति व कार्यकर्ता बैठक (28 प्रतिभागी)
- शहीद सैनिक परिवार एवं 8 पूर्व सैनिकों का सम्मान

**अंचल गोपेश्वर**

- पीपलकोठी में समिति बैठक (24 प्रतिभागी) एवं 9 पूर्व सैनिकों का सम्मान

**अंचल रुद्रप्रयाग**

- समिति व कार्यकर्ता बैठक (40 प्रतिभागी)
- 9 पूर्व सैनिकों का सम्मान

**अंचल टिहरी**

- समिति व कार्यकर्ता बैठक (70 प्रतिभागी)
- 11 पूर्व सैनिकों का सम्मान



**अंचल देहरादून (विकासनगर)**

- ग्राम छड़वा में समिति बैठक (20 प्रतिभागी)
- शहीद सैनिक परिवार एवं 9 पूर्व सैनिकों का सम्मान

माननीय श्याम जी कहते हैं कि एकल की ताकत परिवार संपर्क एवं पारिवारिक भाव है | पारिवारिक मिलन के उद्देश्य से हमने समिति एवं कार्यकर्ताओं के परिवारों से स्नेह मिलन किया।



**अनुभव कथन –**

1. **दुर्गम पहाड़ी रास्ते** - गढ़वाल के पहाड़ी रास्ते अत्यधिक दुर्गम और cloud burst एवं adverse climatic conditions से जगह-जगह अति सँकरे हो गए है। इन रास्तों पर कार चलाना भी कठिन था। विद्यालयों के लिए कई किलोमीटर पहाड़ी के ऊपर चढ़ना और पहाड़ी से नीचे उतरना पड़ा |

**2. विद्यालयों की गुणवत्ता** – विद्यालयों में जिसमें भी हम गए, हमने पाया कि ब्लैकबोर्ड, डोनर बोर्ड, सरस्वती जी, भारत माता एवं हनुमान जी के चित्र, भारत का नक्शा, वर्णमाला एवं गिनती चार्ट आदि व्यवस्थित लगे थे | सभी विद्यालयों को शिक्षण सामग्री मिल चुकी थी | विद्यार्थिंयों ने देशभक्ति गीत, बाल गीत, पहाड़े, मंत्र आदि बड़े उत्साह से सुनाये | विद्यार्थिंयों ने योग करके भी दिखाया | उन्होंने बालगीत अभिनय के साथ सुनाया | हमने अनुभव किया कि विद्यालयों में एकल पाठ्यक्रम की पूर्णता है |







1. **समिति बंधु एवं कार्यकर्ता की कर्मठता और प्रवास** – देखने में आया कि समिति अधिकतर सक्रिय हैं।
2. **स्वागत एवं सम्मान** - जिस गांव या अंचल केंद्र में हम गए, महिलयों ने तिलक, फूल आदि से हमारा बड़े उत्साह से स्वागत किया।
3. **शहीद सैनिक परिवार एवं पूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम** – माननीय श्याम जी गुप्त की प्रेरणा से इस प्रवास में शहीद सैनिक परिवार एवं पूर्व सैनिकों को शॉल भेट करके सम्मान किया गया। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम को देखकर सभी अंचलों के सैनिकों ने एकल के साथ जुड़कर कार्य करने का आश्वासन दिया।

दुर्गम स्थानों में प्रवास की कठिनाइयों को देखकर आज हमें माननीय श्याम जी गुप्त की तपस्या की याद आई, जिन्होंने दूरदराज ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में सेवाव्रतियों को एकल के काम के लिए तैयार किया और एकल को विश्व का सर्वश्रेष्ठ और सबसे बड़ा राष्ट्र निर्माण का अभियान बनाया | हम उनको हृदय से नमन करते हैं |

आदरणीय श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड (BLSP & EGF) की प्रेरणा से हम लगातार प्रवास पर जा रहे हैं। हम सात दिन सुबह आठ बजे से रात नौ-दस बजे तक प्रवास पर, एकल संगठन देखकर उत्साहित रहे और जरा भी नहीं थके |

यह अध्ययन यात्रा हमारे लिए अविस्मरणीय रही।

# अध्ययन यात्रा..........एक अनुभव

## संभाग जम्मू एवं पंजाब का प्रवास (दिनांक 25 से 28 नवम्बर, 2025)




हमारे द्वारा (राजीव अग्रवाल एवं माधुरी अग्रवाल) दो राज्यों (संभाग जम्मू एवं पंजाब) में चार दिवसीय (25.11.2025 से 28.11.2025) प्रवास किया गया।
इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं से संबंध और समन्वय बनाने के साथ-साथ उनको सक्रिय करना, IVD / WEC केंद्रों की समीक्षा, नये CTL का उद्घाटन और पूर्व सैनिकों को एकल से जोड़ना था।

**प्रवास का दिनवार विवरण**

दिनांक 25.11.2025 | लोधवा, पंजाब
लोधवा स्थित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षार्थियों, प्रशिक्षकों, कृषि मित्रों एवं समिति सदस्यों के साथ आत्मीय संवाद किया गया। केंद्र की गतिविधियों एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की गई।

दिनांक 26.11.2025 | अंचल सुंदरबनी, जम्मू
सीमावर्ती क्षेत्र सुंदरबनी में संच सेरी के आचार्यों की मासिक बैठक में सहभागिता की गई। आचार्यों से स्नेहपूर्वक संवाद के दौरान उन्होंने बताया कि एकल विद्यालयों के माध्यम से गांवों में सकारात्मक परिवर्तन आया है तथा परिवारों में संस्कारों का विकास हुआ है।





**सायंकालीन बैठक – जम्मू चैप्टर**

जम्मू चैप्टर अध्यक्ष श्री राहुल बंसल जी सहित 12 समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्शन, वनयात्रा, वार्षिक कार्यक्रम, नियमित मासिक बैठक, अंचल कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। चैप्टर द्वारा सभी कार्यों पर गंभीरता से ध्यान देने का आश्वासन दिया गया।

**ग्राम धराट भ्रमण**

सायंकाल अंचल सुंदरबनी के ग्राम धराट में संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, सिलाई केंद्र एवं किसान प्रशिक्षण केंद्र (IVD) का अवलोकन किया गया। समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

**दिनांक 27.11.2025 | अखनूर अंचल – सोहल**

अखनूर अंचल के सोहल गांव में संचालित IVD कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, सिलाई केंद्र, किसान प्रशिक्षण केंद्र एवं ब्यूटी पार्लर का निरीक्षण किया गया। समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा ढोल-नगाड़ों, तिलक एवं माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया।

127 लोगों की उपस्थिति में पूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के 15 परिवारों को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। यह क्षण अत्यंत भावुक रहा, उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गईं।






**दिनांक 28.11.2025 | बरहामपुर, पठानकोट (पंजाब)**

बरहामपुर में नवस्थापित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन SDM (PCS) श्रीमती ज्योत्सना सिंह जी एवं उप निदेशक AETC श्री मधुसूदन जी के कर-कमलों द्वारा किया गया।

155 लोगों की उपस्थिति में पूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के 12 परिवारों को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

**प्रवास के दौरान अनुभूत भाव**

प्रवास के दौरान शहीद सैनिकों के माता-पिता, बहनों एवं बेटियों की नम आंखें आज भी मन को भावुक कर देती हैं।



उत्तराखंड, जम्मू एवं पंजाब प्रवास के दौरान लगभग 70 पूर्व सैनिकों ने एकल के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए समिति से जुड़ने का आश्वासन दिया। इन्हें “एकल सैनिक समिति” का नाम दिया गया।

एकल की राष्ट्रप्रेम एवं सेवा भावना को कोटि-कोटि नमन।

# भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर द्वारा वनयात्रा एवं सिलाई सेंटर का उद्घाटन

भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर द्वारा 12 नवंबर 2025 को संच–शिवली के विद्यालय, ग्राम–प्रसाद पुरवा में वनयात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

बच्चों ने एकल गीत, पहाड़ा, बालगीत, भोजन मंत्र, सवाल-जवाब, जोड़ना व गुणा सहित अनेक गतिविधियाँ प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हुई चित्रकला भेंट कर USA से पधारे मुख्य अतिथि **श्री विनीत गुप्ता जी** का सम्मान किया।

वनयात्रा के दौरान सभी सदस्यों ने एकल पोषण वाटिका का निरीक्षण किया तथा **विद्यालय ग्राम–सुजजा निवादा में दो सिलाई मशीन उपलब्ध कराकर सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया, जिसमें ग्राम की 20 महिलाएँ उपस्थित रहीं।** यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।





USA से पधारे मुख्य अतिथि श्री विनीत गुप्ता जी ने ग्रामीण बच्चों की सीखने की उत्सुकता, विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों तथा एकल के सतत प्रयासों की सराहना की। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का ऐसा सशक्त मॉडल देखकर वे अत्यंत प्रभावित हुए। बच्चों की प्रतिभा, उनकी आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियाँ और समिति द्वारा किया जा रहा समर्पित कार्य उन्हें प्रेरणादायी लगा।

# BLSP, रुद्रपुर चैप्टर द्वारा एकल विद्यालय की वनयात्रा

भारत लोक शिक्षा परिषद, रुद्रपुर चैप्टर द्वारा 4 दिसंबर 2025 को उत्तराखंड के कुमाऊँ अंचल, जिला उधम सिंह नगर के संच–दिनेशपुर के अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर एवं ग्राम उदयनगर स्थित एकल विद्यालयों में वनयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 15 लोग शामिल हुए।
वनयात्रा का उद्देश्य एकल विद्यालयों की संचालन प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखना, ग्राम समिति से संवाद कर एकल अभियान द्वारा हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों को समझना, ग्रामीणों को एकल अभियान से जोड़ना, विद्यालयों के लिए धन-संग्रह करना तथा कार्यकर्ता बंधुओं और आचार्यों को स्नेह एवं प्रोत्साहन प्रदान करना था।





विद्यालय के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियाँ और अनुशासित प्रस्तुति ने सभी अतिथियों के हृदय को स्पर्श किया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरक और सफल बनाया।

वनयात्रा का यह आयोजन ग्राम के विद्यालयों की शिक्षा–संस्कार यात्रा को नई ऊर्जा देने वाला सिद्ध हुआ, साथ ही इससे ग्रामवासियों और अतिथियों के बीच आत्मीयता, संवाद और सहयोग का सेतु और भी अधिक मजबूत हुआ।

## भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर द्वारा एकल विद्यालय की 'वनयात्रा'

कानपुर चैप्टर द्वारा 09 नवंबर 2025 को संच बिठूर के विद्यालय, ग्राम–किशुनपुर में एकल विद्यालय की वनयात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। वनयात्रा के दौरान लोगों ने बच्चों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में प्रश्न पूछे, बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर देते हुए बताया कि कोई क्रिकेटर, कोई अध्यापक, तो कुछ बच्चे इंजीनियर बनने का सपना देख रहे हैं।

बच्चों ने पहाड़ा, बालगीत, भोजन मंत्र, सवाल-जवाब, जोड़ना आदि सुनाकर सभी का मन मोह लिया। साथ ही, कुछ बच्चों ने अपनी बनाई हुई चित्रकला भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। विद्यालय में लगभग 25 बच्चे उपस्थित रहे।







एकल विद्यालय से प्रभवित होकर सभी वनयात्रियों ने अपना अनुभव साझा किया और एकल में सहयोग करने एवं लोगों को जोड़ने की इच्छा भी व्यक्त की।

यह विद्यालय दानदाता श्रीमती कुसुम गुप्ता जी के सहयोग से संचालित हो रहा है। यह वनयात्रा श्री आनंद अग्रवाल जी के निर्देशन में संपन्न हुई, जिसमें अंचल अभियान प्रमुख ललित जी एवं संच प्रमुख अनुराधा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## भारत लोक शिक्षा परिषद्, सहारनपुर चैप्टर द्वारा एकल विद्यालय की 'वनयात्रा'

सहारनपुर चैप्टर द्वारा 'शिक्षा, संस्कृति और ग्राम उत्थान' के संकल्प को सशक्त करने हेतु 8 नवंबर 2025 को सहारनपुर अंचल में एकल विद्यालयों की वनयात्रा आयोजित की गई।

चैप्टर अध्यक्ष श्री डी. के. बंसल जी के मार्गदर्शन में संपन्न इस वनयात्रा का मुख्य उद्देश्य नगर और गाँव के बीच प्रेम, सहयोग व समन्वय की भावना को मजबूत करना रहा, जिससे ग्रामीण एवं शहरी समाज के बीच सेतु स्थापित हो सके।





संच पुवांरका के बुड्डा खेड़ा और माण्डे वास ग्राम समितियों ने अतिथियों का उत्साहपूर्ण, आत्मीयता से स्वागत किया।

एकल विद्यालय के नन्हे बच्चों ने प्रेरणादायक बाल गीत, भोजन मंत्र और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया।

वनयात्रा में अनेक प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और एकल अभियान के कार्यों की सराहना की।

# BLSP पश्चिमी दिल्ली महिला विभाग द्वारा पिकनिक कार्यक्रम का सफल आयोजन

BLSP पश्चिमी दिल्ली चैप्टर, महिला विभाग द्वारा रविवार, 28 दिसंबर 2025 को एक भव्य पिकनिक कार्यक्रम का सफल आयोजन बाबा नत्था सिंह वाटिका, वेस्ट पंजाबी बाग में किया गया। जिसमें 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

आयोजन का उद्देश्य एकल से लोगों को जोड़ना, सामाजिक समरसता को सशक्त करना, पारिवारिक सहभागिता बढ़ाना तथा आपसी सौहार्द को प्रोत्साहित करना था।





पिकनिक कार्यक्रम के दौरान किड्स ज़ोन, फन ज़ोन एवं गेम ज़ोन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों के लिए बिग बाउंस, बॉल पूल, गन शूटिंग, रिंग गेम जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, वहीं बड़ों के लिए समूह खेलों एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक सफल एवं प्रेरणादायक बनाया।

कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास, सामूहिक सहभागिता एवं स्मरणीय पलों के साथ हुआ। उपस्थित सभी सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की इच्छा व्यक्त की।

# सेवाव्रती कार्यकर्ता सम्मान (संक्रांति उपहार)

भारत लोक शिक्षा परिषद् राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा एवं चैप्टर की बहनों के सहयोग से शिक्षित, स्वस्थ एवं समर्थ भारत के निर्माण के लिए समर्पित भाव से सेवारत एकल के कार्यकर्त्ता बंधुओं एवं बहनों को प्रोत्साहित करने एवं उनके सम्मान के लिए प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उपहार देकर सम्मानित किया जाता है ।



एकल के सेवाव्रती कार्यकर्ता संगठन की वो नींव हैं जिनके कन्धों पर संगठन के मूल उद्देश्यों को जमीनी स्तर पर लागू कर, अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है । राष्ट्र के लिए समर्पित इन कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने हेतु बहनों द्वारा इस तरह के छोटे छोटे प्रयास नियमित रूप से किये जाते हैं ।

# एकल अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एकल रन 4.0 का किया गया आयोजन




भारत लोक शिक्षा परिषद् एकल युवा BLSP द्वारा गांधी दर्शन, बिरसा मुंडा ग्राउंड, दिल्ली में 21 दिसंबर 2025 को एकल रन 4.0 का भव्य, सुव्यवस्थित एवं अत्यंत सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रेरणादायी दौड़ में लगभग 3 हजार प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। इस आयोजन के माध्यम से एकल अभियान के उद्देश्यों और विचारों का व्यापक एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम अनुशासित, सुविचारित एवं ऊर्जा से भरपूर रहा, जिसमें सभी आयु वर्ग के धावकों ने पूरे जोश और समर्पण के साथ भाग लिया। इस अवसर पर **10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर एवं 1 किलोमीटर** की श्रेणियाँ रखी गई थीं, जिनमें सभी वर्गों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा दौड़ में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

युवा टीम ने जिस **सकारात्मक, समयबद्ध एवं संगठित** ढंग से इस भव्य आयोजन को संपन्न किया, वह अत्यंत ऊर्जादायक एवं प्रेरणादायी रहा। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण यह दर्शाता है कि **एकल अभियान की मशाल को आगे ले जाने हेतु युवा शक्ति पूर्णतः सक्षम और तत्पर है**। इस अपार सफलता के लिए पूरी युवा टीम हार्दिक बधाई की पात्र है।





कार्यक्रम में श्री विजेंद्र गुप्ता जी (अध्यक्ष-दिल्ली विधानसभा), श्री विष्णु मित्तल जी (महामंत्री- बीजेपी दिल्ली), डॉ अनिल अग्रवाल जी (संघचालक, दिल्ली प्रान्त आरएसएस), श्री कपिल खन्ना जी (प्रेसीडेंट, दिल्ली (इंद्रप्रस्थ) प्रान्त विश्व हिन्दू परिषद्) सहित कई अन्य प्रमुख गणमान्य महानुभावों ने भाग लेकर युवाओं का मनोबल बढ़ाया | कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों, अतिथियों एवं दर्शकों ने आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# Meetings with PSU / Non PSU Companies done & MOU Signed




**Power Grid Patna**
**29 October 2025**

**IRFC**
**24 November 2025**






**PTC India**
**22 December 2025**

**KEI Industries Limited**
**06 January. 2026**



## Success Stories



नाम-शशिकला गौतम, ग्राम-पश्चिमपुर अहरक, संच-मुर्दहा बाजार, अंचल-सारनाथ, भाग-काशी, संम्भाग-पूर्वी उत्तर प्रदेश

मुझे वर्ष 2019 में आचार्या के पद पर कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। छोटे छोटे बालक-बलिकाओं को प्राथमिक शिक्षा, संस्कार शिक्षा और सामाजिक ज्ञान का पाठ पढ़ाने के साथ स्वयं भी एकल से प्रेरणा लेकर महिलाओं को उनके अधिकारों के लिये उन्हें जागृत करने और आत्म निर्भर बनाने के लिए लोगों से जन सम्पर्क करती रही। एकल में सेवा करने के साथ-साथ पढ़ाई भी करती रही। वर्तमान समय में प्रयाग मे कृषि विभाग में सरकारी नौकरी कर रही हूं। मैं एकल परिवार को हृदय से धन्यवाद करती हूं। मेरी सफलता एकल परिवार का साथ एवं उनकी शुभकामनाओं का परिणाम है।



नाम-रामनिवास शर्मा, ग्राम –दिलावलपुर, संच -पिपरिया दुलई, उत्तर प्रदेश

मुझे एकल विद्यालय में सत्र 2006 से 2010 तक आचार्या एवं संच प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, इस अवधि में छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं को संस्कार, शिक्षा एवं सामाजिक ज्ञान का पाठ पढ़ाने का अवसर मिला, साथ ही, एकल से प्रेरणा लेकर मैंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करने का कार्य भी किया। इस सेवा कार्य के लिए मुझे एकल परिवार से बहुत सम्मान और सहयोग प्राप्त हुआ।



नाम-हार्षिता, विद्यालय ग्राम-आदमपुर, अंचल – उन्नाव, संच – हसनगंज, उत्तर प्रदेश मैं एकल विद्यालय की आचार्य हूँ और संस्कार एवं पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से पिछले वर्ष से एकल विद्यालय का संचालन कर रही हूँ।

एकल अभियान से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। पहले मुझे लोगों से बात करने में बहुत हिचकिचाहट होती थी, लेकिन एकल विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने से मेरे भीतर आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न हुई है।

आज एकल अभियान के माध्यम से हमारे गाँव के लोग मुझे जानने और पहचानने लगे हैं। साथ ही, गाँव के लोग एकल अभियान के कार्यों में सहयोग भी करते हैं, जिससे सेवा कार्य और अधिक प्रभावशाली बन रहा है।



नाम-जया अधिकारी, ग्राम-पड़सोसेरा, संच – बाराकोट, अंचल – चंपावत, उत्तराखंड

मैंने वर्ष 2023 से 2025 तक एकल विद्यालय में आचार्य के रूप में कार्य किया। आचार्य बनने के साथ-साथ मैंने अपनी पढ़ाई भी निरंतर जारी रखी। मुझे ऐपण कला में विशेष रुचि थी, इसलिए मैंने ऐपण बनाना सीखा।

इसी क्रम में मुझे सफलता प्राप्त हुई और वर्तमान में मैं विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चों को ऐपण कला सिखा रही हूँ तथा अपनी भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में योगदान दे रही हूँ।

इसके लिए मैं एकल अभियान का हृदय से धन्यवाद करती हूँ और यह संकल्प लेती हूँ कि मैं भविष्य में भी एकल अभियान से सदैव जुड़ी रहूँगी।

## Prerak Shatakveer (100 & Above)

(FY 2025-26) (No of Schools in Bracket)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sh. Subhash Aggarwal<br>Trustee (2993) | Sh. Subhash C. Aggarwal<br>Trustee (746) | Sh.Vinit Kumar Gupta<br>Trustee (333) | Sh. D. K. Sarraf<br>Trustee (225) |
| Sh. Vivek Nagpal<br>Trustee (114) | Sh. Surendra Gupta<br>Trustee (217) | Sh. Pramod Gupta<br>MC Member (247) | Sh. Akhil Gupta<br>MC Member (148) |
| Sh. Rajiv Aggarwal & Smt. Madhuri Aggarwal<br>MC Member (165) MC Member | | Smt. Sonal Rasiwasia<br>MC Member (117) | Sh. Basudev Garg<br>Adv. Board (125) |
| Sh. Jagmender Gupta<br>South Delhi (315) | Shri Rajesh Mittal<br>North Delhi (223) | Shri P.K. Jain<br>East Delhi (106) | Sh. Praveen Kant<br>CSR Team (200) |
| CA Raj Chawla<br>CSR Team (101) | | | |

## Prerak Paramveer (25 To 99 Schools)

(FY 2025-26) (No of Schools in Bracket)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sh. Brij Mohan Aggarwal<br>MC Member (50) | Sh. Nand Kishore Aggarwal<br>Adv. Board (53) | Smt. Darshna Goel<br>National Mahila Vibhag (51) | Sh. Ashok Aggarwal<br>South Delhi (87) |
| Sh. Pavan Kumar Aggarwal<br>Central Delhi (69) | Smt. Sadhana Gupta<br>North Delhi (46) | Smt. Pravesh Lata Aggarwal<br>West Delhi (39) | Sh. Pramod Bansal<br>West Delhi (25) |
| Sh. Sanjay Jain<br>East Delhi (34) | Sh. G.D Goel<br>CSR Team (37) | Sh. Atul Goyal<br>CSR Team (35) | Dr. Atul tondon<br>Bahraich Chapter (62) |
| Sh.Vijay Bhushan Garg<br>Rudrapur Chapter (60) | Dr. D. K. Sinha<br>Kanpur Chapter (33) | Sh. Prakash Kanodia<br>Kanpur Chapter (31) | Sh. Suresh Jhanjhanria<br>Kanpur Chapter (26) |
| Dr. Anuradha Varshney<br>Kanpur Chapter (25) | | | |

No. of Schools Received During the Quarter Ended December 2025 (Oct.-Dec.)
(No of Schools in Bracket)

## Mahashatakveer

**Sh. Surender Gandhi**
Dewan & Sons Exports Private Limited (100)

**Sh. Ashok Aggarwal**
Globe Capital Foundation (232)

**Sh. Shubash Chandra Aggarwal**
SMC Power Generation Ltd (113)

**Sh. Vinit Kumar Gupta**
Designco Private Limited (100)

**Shri Rakesh Tainwala**
Abhishri Packaging Private Limited (136)

**Shri Sunil Goyal**
Bhushan Pharmaceutical Pvt. Ltd. (68)

**Shri Vivek Nagpal**
Rosmerta Safety Systems Limited (227)

## Shatakveer

**Sh. Pawan Kumar Jain**
Safexpress Private Limited (100)

Northern Coalfields Limited (200)

**Sh. Pramod Gupta**
Worldfa Exports Private Limited (100)

**Sh. Krishan Singhla**
Kairav Infrastructure (100)

GAIL India Limited (Old) (50)

**Sh. Dayanand Rai**
SPC Electrotech Private Limited (85)

**Dr. Arun Aggarwal**
Calpro Specialities Private Limited (25)

**Sh. Vinod Gupta**
Vinod Gupta (33)

**Smt. Aarshi Jain**
Aarshi's Matrimonial Solutions (20)

**Sh. Uma Shankar Halwasiya**
D P Halwasiya Foundation (35)

**Sh. Sandeep Bansal**
(20)

**Sh. Anil Aggarwal**
HFCL Social Services Society (50)

## एकल विद्यालय के सहयोगी (50 से 99)

S B M And Company Private Limited (72)

Spa Lifestyle Private Limited (68)

**Sh. Yogesh Kumar Jindal**
Galwalia Ispat Udyog Private Limited (60)

IKIO Technologies Limited (50)

## एकल विद्यालय के सहयोगी (24 से 49)

**Sh. Manish Jain**
Bearing Traders India Private Limited (33)

**Sh. Sanjay Jain**
Cyno Pharmaceuticals (37)

## हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय (अक्टूबर-नवंबर-दिसंबर, 2025)

Smt. Anita Bansal
A R Balaji Foods Pvt. Ltd.
Smt. Aakriti Todi
Sh. Aditya Arora
Ambica Steels Limited
Sh. Anil Garg
Sh. Ankit Aggarwal
Sh. Arun Kumar Jain
Sh. Ashutosh Aggarwal
Sh. Ashutosh Bansal
Aska Equipments Pvt. Ltd.
Avadh Solvex Pvt. Ltd.
Sh. Avani Kumar Jain
Sh. Ayush Bhatia
B Jain Pharmaceuticals Pvt. Ltd. (Shri Nishant Jain)
B Jain Publishers Pvt. Ltd.
Sh. Bajrang Lal Garg
Bawa Shatabdi Plylam Pvt. Ltd.
Sh. Bhagat Ram Singhal
Bhushan Tube Pvt. Ltd.
Sh. Bijendra Pratap Singh
Smt. Bindu Mittal
Bora Polyclinic
Sh. Brij Mohan Agarwal Huf
British Engineering Company
Calco Polychem Pvt. Ltd.
Care 2 Earn Services Pvt. Ltd.

Cee Ess Sons
Sh. Chandrakant Chaturbhuj Bhatia
Circular Equation
Cirque De India Pvt. Ltd.
Constructo Cast Pvt. Ltd.
Deltech Instruments Pvt. Ltd.
Sh. Dhermander
Dhillon Fabricators & Engineers
Sh. Divye Miglani
Dr. Bahgwati Prasad Kedia Foundation
Dr. Om Prakash
Dr. Rahul Mohan
Dr. Vidhu Pal
Smt. Geeta Devi
GKB Maharani Charitable Trust.
Sh. Gopal Bansal
Gupta Cut Piece Corner
Haldiram Snacks Food Pvt. Ltd.
Smt. Shalini Seth
IFCI Infrastructure Development Limited
J P Jain Foundation
JMP Industry Pvt. Ltd.
Kanchan Metals Pvt. Ltd.

Sh. Karan Miglani
Smt. Kiran Gupta
Smt. Kiran Gupta
KM Sugar Mills Ltd.
Krishi Rasayan Exports Pvt. Ltd.
Sh. Kunj Behari Misra
Lakshmi Refineries
M M International
M/s Electro Mechanicals,
M/s Frontier Springs Ltd.,
M/s Orsons Home Appliances
Smt. Madhu Bala Pal
Smt. Madhu Gupta
Smt. Madhur Rastogi
Smt. Madhuri Aggarwal
Mahesh Engineering Co
Mayfair Developers
Ms Deepali Jaiswal
Monga Medical Centre
Sh. Satish Chand Mittal
Sh. Gautam Goyal
Sh. Navneet Kumar
Smt. Sarita Garg
Sh. Mukesh Kumar Gupta
Sh. Murari Lal Agarwalla
Ambica Steels Limited
Sh. Bharat Aggarwal

## हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय (अक्टूबर-नवंबर-दिसंबर, 2025)

Devipatanagro Pvt. Ltd.
Smt. Neelam Aggarwal
Smt. Nishita Jain
Smt. Nita Gupta
Sh. Niwas Goel
Odhni Heritage Pvt. Ltd.
Sh. Om Prakash Verma
Sh. Paras Jain
Sh. Parikshit Pal
Smt. Parul Gupta
Smt. Payal Bansal
Sh. Prateek Goyal
Sh. Praveen Kumar Gupta
Sh. Prem Chand Dwivedi
Premanjali Foundation
Smt. Pushplata Agarwal
R Prop Care LLP
R V Fabs
Radhesh Chander Pal
Sh. Rajat Malhotra
Sh. Rajiv Kumar Mukhi
Sh. Rakesh Bajaj
Sh. Rakesh Ku. Agarwal
Sh. Rakhi Aggarwal
Sh. Ram Bilas Bansal
Sh. Ram Raj Bansal
Sh. Ramendra Singh
Smt. Rashmi Jain
Smt. Rekha Gupta
Smt. Renu Agrawal
Sh. Ritesh Hooda
Smt. Ritu Gupta
Sh. Rohit Nemchand Jain
Smt. Ruby Sah
Sh. Sandeep Mittal
Sh. Sanjay Bansal
Sh. Sanjay Jain
Sh. Satish Chand Gupta
Sh. Satya Narain Bansal
Sh. Saurabh Chandra
Seth Nandramka Bhiwaniwala Charitable Trust
Sh. Shailesh Chandra Jaiswal
Sh. Shubham Aggarwal
Sh. Shubham Contractor
Sh. Siddharth Satish Kumar Ashtankar
Simpex Overseas Pvt. Ltd
Singla Sweets
Smt. Smita Mehrotra
Souraj Trade & Tech. Pvt. Ltd.
Sh. Sushil Chandra
Smt. Sushma Agrwal
Vardhman Engineering Works
Smt. Vasudha Gupta
Sh. Vibhu Pal
Sh. Vijay Kumar Agarwal HUF
Sh. Vijendra Kumar Gupta
Sh. Vinod Aneja And Sons HUF
Sh. Vinod kumar Goel
Smt. Vishakha Aggarwal

### एकल दीप की एक झलक







# Spotlight

"भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा एकल विद्यालय अभियान के समर्पित दानदाताओं को सम्मानित करने हेतु 'डोनर स्पॉटलाइट वीडियो' पहल की शुरुआत की गई है।

इस नई पहल के माध्यम से उन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सामने लाया जा रहा है, जिनके सहयोग से सुदूर ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जल रही है। यह इनिशिएटिव समाज के लिए प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का सशक्त माध्यम बनेगा।"




"देश को आगे बढ़ाने में एकल विद्यालयों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। वनयात्रा के दौरान वहाँ जाकर मुझे बहुत अच्छा लगा और उससे गहरी प्रेरणा मिली, आज एकल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।"




"एकल में बेसिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा भी दी जा रही है। एकल विद्यालय की वनयात्रा के दौरान जब मैंने वहाँ जाकर देखा कि विद्यालयों में बच्चों को किस प्रकार संस्कारों और शिक्षा से संवारा जा रहा है।"




"जहां पर एकल विद्यालय चलते हैं वहां पर पूरे गांव का समग्र विकास होता है, देश को आगे बढ़ाना है तो शिक्षा बहुत जरूरी है।"




"देश को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सबसे अधिक जरूरी है, जिसके बिना हमारा देश तरक्की नहीं कर सकता। मैं बहुत प्रभावित हुआ जब मैंने सुना कि इतने कम खर्चे में बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है।"




"हम जो एकल में दान देते हैं उससे मुझे आंतरिक संतुष्टि मिलती है। जितना भी समय है या धन है कुछ ना कुछ हमें अवश्य दान करना चाहिए, शिक्षा का दान ही सबसे बड़ा दान है।"

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
भारत लोक शिक्षा परिषद्
एकल अभियान

भारत आज आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक मंच पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस विकास के साथ एक गंभीर चिंता भी उभर रही है - हमारी युवा पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत, समृद्ध संस्कृति और सनातन मूल्यों से धीरे-धीरे दूर होती जा रही है। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन, जो राष्ट्र के नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्निर्माण के लिए दशकों से कार्यरत हैं, हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। संघ के आदर्शों से प्रेरित होकर एकल अभियान एक दीपस्तंभ की तरह कार्य कर रहा है, जो राष्ट्र निर्माण की दिशा में न केवल शिक्षा का अलख जगा रहा है, बल्कि युवाओं को अपने मूल संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी सार्थक प्रयास कर रहा है।

एकल अभियान केवल एक शैक्षिक पहल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का आंदोलन भी है। इसमें प्रत्येक देशवासी की सहभागिता अपेक्षित है, ताकि हम मिलकर भारत को उसकी सांस्कृतिक पहचान और आत्मिक शक्ति से पुनः गौरवान्वित कर सकें।

आइए, इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और भारत की भावी पीढ़ी को आत्मविस्मृति से निकालकर आत्मबोध की ओर अग्रसर करें।

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 30,000/- वार्षिक |
| 50 एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 15,00,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 30,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 30,000,000/- वार्षिक |
| भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है। | |

DONATE NOW

### एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

**Only For 80G:**

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 46790205000186
Union Bank of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

**Only for CSR:**

Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO : 467902010123677
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

**आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।**

For More Info.

**मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)**
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665, 8448386443
ईमेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad